दिन—रविवार दिनांक— 22 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर नई दिल्ली में पेट्रोलियम, कच्चे तेल, गैस और ऊर्जा क्षेत्रों की स्थिति की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक की।

02. बिहार आज अपना एक सौ चौदहवां स्थापना दिवस मना रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के गांधी मैदान में मुख्य समारोह का उद्घाटन किया।

03. जदयू के पूर्व वरिष्ठ नेता के.सी त्यागी राष्ट्रीय लोक दल में शामिल। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

04. और, लोक आस्था का महापर्व चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान आज से शुरू। कल खरना का आयोजन किया जायेगा।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पश्चिम एशिया की बदलती स्थिति के मद्देनजर पेट्रोलियम, कच्चे तेल, गैस, बिजली और उर्वरक क्षेत्रों की स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। नई दिल्ली में आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य निर्बाध आपूर्ति, स्थिर रसद और देश भर में कुशल वितरण सुनिश्चित करना था। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित वरिष्ठ मंत्रिगण शामिल हुए।

---

बिहार आज अपना एक सौ चौदहवां स्थापना दिवस मना रहा है। आज ही के दिन वर्ष उन्नीस सौ बारह में बंगाल से अलग हुए बिहार को राज्य का दर्जा मिला था। इस वर्ष बिहार दिवस की थीम है— **उन्नत बिहार—उज्ज्वल बिहार**।

———गीत———

अपनी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर और ऐतिहासिक विरासत के कारण बिहार की पहचान एक ऐसे राज्य के रूप में रही है, जिसने हमेशा देश को नई राह दिखाई।

बिहार का इतिहास कमोबेश मानव सभ्यता का इतिहास माना जाता है, जिसने पूरी दुनिया को लोकतंत्र की अवधारणा से परिचित कराया है। बिहार दिवस पर पटना के गांधी मैदान में तीन दिवसीय मुख्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

––– गीत–––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में मुख्य समारोह का उद्‍घाटन किया। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

गांधी मैदान में सूचना एवं जन संपर्क विभाग के पवेलियन का उद्‍घाटन विभागीय निदेशक अनिल कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि विभाग के पवेलियन की ओर से आम जनता को सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

---

बिहार दिवस के अवसर पर आज राज्यभर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सीवान से हमारे संवाददाता ने बताया है कि बिहार दिवस पर टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

–––बाइट–––

सीवान के टाउन हॉल में कला एवं संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने इस अवसर पर लोगों से उन्नत बिहार–उज्ज्वल बिहार के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सकारात्मक सहभागिता और सहयोग का संकल्प लेने का आह्वान किया। बिहार दिवस पर जिले में भाषण, पेंटिंग और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को डीएम ने सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। आकाशवाणी समाचार के लिए सीवान से आकाश कुमार।

इधर, पश्चिम चंपारण में इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने प्रभातफेरी निकाली।

–––बाइट–––

बिहार दिवस पर बेतिया में मुख्य कार्यक्रम का उदघाटन उप विकास आयुक्त और पुलिस अधिक्षक सहित अन्य गणमान्य लोगों ने बापू सभागार में किया। कार्यक्रम की शुरुआत बिहार गीत से की गई। इस मौके पर जिला मुख्यालय में प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे शामिल हुए। वही, जिले में पेंटिंग, वाद–विवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा अन्य आयोजन किए गए। बगहा कस्तुरबा आवासीय विद्यालय में छात्राओं ने आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया। आकाशवाणी समाचार के लिये बेतिया से आशीष कुमार।

पूर्णियां में बिहार दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में पेंटिंग, क्विज और रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

———बाइट———

पूर्णिया में बिहार दिवस पर प्रशासन की और से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर मैराथन और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस के साथ ही विभिन्न विद्यालयों में चित्रकला, क्विज, रंगोली, भाषण और किलकारी में सुगम संगीत के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, भाजपा विधायक विजय खेमका और जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने किसान मेला का भी उद्घाटन किया। आकाशवाणी समाचार के लिए पूर्णिया से होमी चंदन।

शेखपुरा, पूर्वी चंपारण और सीवान सहित अन्य जिलों में प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी में स्कूली बच्चों के साथ—साथ अधिकारियों ने भी भाग लिया। अरवल में रन फॉर बिहार कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। सहरसा में जिलाधिकारी दीपेश कुमार और उप विकास आयुक्त गौरव कुमार ने समाहरणालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मधुबनी में जिला स्तरीय करियर उन्मुखीकरण सह करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बिहार दिवस के अवसर पर राज्य के युवाओं ने प्रदेश की लगातार प्रगति पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा है कि आज बिहार भी देश के विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल हो गया है।

———बाइट———

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि बिहार समृद्ध इतिहास, सांस्कृतिक विरासत और ज्ञान परंपरा की भूमि रहा है। श्री मोदी ने कहा कि बिहार के लोगों ने अपनी मेहनत, ईमानदारी और प्रतिभा के बल पर देश और दुनिया में विशिष्ट पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री ने राज्य में आधारभूत संरचना, कनेक्टिविटी और समावेशी विकास के क्षेत्र में हुई प्रगति की सराहना की।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार दिवस पर शुभकामनाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा बिहार की समृद्ध विरासत, संस्कृति और विकास प्रयासों की सराहना करना राज्यवासियों के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि केंद्र के सहयोग और मार्गदर्शन से बिहार और अधिक विकसित होकर देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा तथा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने इस अवसर पर कहा कि एनडीए की सरकार ने बिहार स्थापना दिवस की परंपरा शुरू की थी। श्री सरावगी ने कहा कि बिहार का स्थापना दिवस पूरे बिहार सहित देश के अधिकांश क्षेत्रों में कार्यरत बिहार के लोगों के द्वारा मनाया जा रहा है।

———बाइट———

ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने गांधी मैदान में विभाग के पवेलियन का उद्घाटन करते हुए कहा कि आज राज्य में सड़कों का जाल बिछाने का काम तेजी से किया जा रहा है।

———बाइट———

वहीं, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने अपने विभाग के पवेलियन का उद्घाटन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में पिछले बीस वर्षों के दौरान विकास के नये मापदंड स्थापित किये गए हैं।

———बाइट———

---

केन्द्रीय युवा मामले और खेल राज्यमंत्री रक्षा खडसे आज पटना में आयोजित खेल कॉनक्लेव में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिहार सरकार की ओर से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को उभारने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार बिहार को खेल के क्षेत्र में निरंतर सहयोग कर रही है।

———बाइट———

---

जदयू के पूर्व वरिष्ठ नेता के.सी त्यागी आज राष्ट्रीय लोक दल में शामिल हो गये। नई दिल्ली में राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर श्री त्यागी ने कहा कि अब वो सांसद और विधायक बनने के लिए नहीं बल्कि चौधरी चरण सिंह के बचे हुए सपने को पूरा करने के लिए आये हैं।

———बाइट———

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न भागों में हो रही बारिश का सिलसिला फिलहार रूक गया है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान राज्य का मौसम शुष्क बना रहेगा। इस दौरान प्रदेश के अनेक भागों के अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। विभाग ने छब्बीस मार्च से प्रदेश के कई भागों में फिर से बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

---

लोक आस्था का महापर्व चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान आज से शुरू हो गया है। व्रतियों ने आज नहाय–खाय के साथ छठ की शुरूआत की। कल खरना की पूजा की जायेगी। चौबीस मार्च को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। पच्चीस मार्च को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही छठ का अनुष्ठान सम्पन्न हो जायेगा। इधर, छठ को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पटना में आठ गंगा घाटों को खतरनाक घोषित किया गया है। घाटों तक पहुंचने वाले सम्पर्क मार्गों की मरम्मत की जा रही है। सभी घाटों पर एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की तैनाती की गयी है। गंगा नदी में आज से पच्चीस मार्च तक नाव के परिचालन पर रोक लगा दी गयी है।

---

विधुत विभाग ने मधुबनी के जयनगर विधुत अवर प्रमंडल में नये कार्यपालक अभियंता राहुल कुमार को पदस्थापित किया है। आय से अधिक संपत्ति मामले में निलंबित जयनगर के पूर्व कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार रजक को मुजफ्फरपुर मुख्यालय में सेवा देने का आदेश जारी किया है।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर नई दिल्ली में पेट्रोलियम, कच्चे तेल, गैस और ऊर्जा क्षेत्रों की स्थिति की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक की।

02. बिहार आज अपना एक सौ चौदहवां स्थापना दिवस मना रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के गांधी मैदान में मुख्य समारोह का उद्घाटन किया।

03. जदयू के पूर्व वरिष्ठ नेता के.सी त्यागी राष्ट्रीय लोक दल में शामिल। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

04. और, लोक आस्था के महापर्व चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान आज से शुरू। कल खरना का आयोजन किया जायेगा।

---

समाप्त